# स्वच्छ वायु गठबंधन एवं स्वच्छ वायु कोष

drishtiias.com/hindi/printpdf/clean-air-coalition-and-clean-air-fund

## चर्चा में क्यों?

स्पेन और पेरू की सरकारों के नेतृत्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Orginisation- WHO) **'स्वच्छ वायु गठबंधन' (Clean Air Coalition)** शुरू कर रहा है।

इसके साथ ही लोक-हितैषी संगठनों (Philanthropic Foundations) के समूह द्वारा एक नया **'स्वच्छ वायु कोष' (Clean Air Fund)** बनाया जा रहा है। दोनों कार्यक्रमों का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन में योगदान देने वाले **वायु प्रदूषण के स्रोतों को कम करने हेतु निवेश** करना है।

## कदम के निहितार्थ:

WHO का अनुमान है कि विश्व भर में 90% से अधिक लोग प्रदूषित हवा में साँस लेते हैं।

## स्वच्छ वायु गठबंधन (Clean Air Coalition):

- स्वच्छ वायु गठबंधन को **संयुक्त राष्ट्र महासचिव कार्यालय (UN Secretary General's Office)** एवं **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण के जलवायु तथा स्वच्छ वायु गठबंधन (Climate and Clean Air Coalition of UN Environment)** द्वारा समर्थन प्रदान किया जा रहा है।
- यह समान विचारधाराओं वाले ऐसे परोपकारी समूहों को एक साथ लाता है जिनका मानना है कि वायु प्रदूषण से निपटना **स्वास्थ्य के साथ-साथ जलवायु के लिये भी लाभदायक** होगा।

## स्वच्छ वायु कोष (Clean Air Fund)

- नए स्वच्छ वायु कोष का उद्देश्य उन परियोजनाओं का समर्थन करना है, जो वायु गुणवत्ता डेटा को उपलब्ध कराती हैं, साथ ही शहरों में बड़ी संख्या में लोगों को वायु गुणवत्ता के बारे में अधिक व्यापक जानकारी देती हैं।
- यह कोष उन परोपकारी भागीदारों के गठबंधन के साथ काम करता है, जिन्हें स्वास्थ्य, बच्चों और जलवायु परिवर्तन शमन से जुड़े कार्यों में रुचि है।

## स्रोत: डाउन टू अर्थ